**आयोजन** तिरंगा यात्रा में शामिल हुए राज्यमंत्री, तहसील मैदान में हुआ यात्रा का समापन, अमर शहीदों को किया याद

# 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है : लोधी





**नवभारत,दमोह 13 अगस्त।** निश्चित रूप से जिस प्रकार यह आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है और अमृत महोत्सव के पच्चीस वर्ष हैं, इन पच्चीस वर्षों में हम सब संकल्प लेकर तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं कि आने वाले जब भारतवर्ष के 2047 में 100 वर्ष पूरे होंगे, हम अपने देश को नंबर एक बनाएंगे, फिर से विश्व गुरु बनाएंगे, इतना ताकतवर देश बनाएंगे कि दुनिया की कोई ताकत हिंदुस्तान की तरफ नजर उठाकर न देख सके और 2047 तक देश को विकसित देश की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है. यह सारे संकल्पों को लेकर यह तिरंगा यात्रा निकाली है और नारे भी लगाए हैं कि विजयी विश्व तिरंगा प्यारा झंडा ऊंचा रहे हमारा। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम सभी अमर शहीदों को भी याद कर रहे हैं और उस विभीषिका को भी याद कर रहे हैं.

इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बुधवार को दमोह की तहसील ग्राउण्ड से तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर कही. संस्कृति राज्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार और हम सब की भावना के अनुसार जो देशभक्ति की भावना हमारे अंदर है, उसका प्रकटीकरण करने के लिए पूरे देश में इस प्रकार की तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं.

**आजादी के लिए लाखों नौजवान हुए शहीद : डॉ. कुसमरिया-** मप्र पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने कहा 15 अगस्त वह पवित्र दिन है, जिस दिन हमने आजादी पाई और इस आजादी के लिए लाखों हमारे नौजवान शहीद हो गये हैं, अमर हो गए, कुर्बान हुए और आज अमरत्व का जो सिंचन और जिज्ञासा जगाई जा रही है, स्वतंत्रता हमारी कायम रहे और जीवन के हर पहलू में हम खुशहाल रहें. उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विश्व गुरू बनाने का संकल्प लिया है और भारत माता की ध्वज-पताका सारे विश्व में फहराने हम सब लोगों की ताकत से पूरा कराएंगे.

### तिरंगा यात्रा को सर्वसमावेशी बनाया : कलेक्टर

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि तिरंगा यात्रा में इस बार कुछ अलग फ्लेवर था। इस तिरंगा यात्रा को सर्वसमावेशी बनाया हैं, जिसमें दिव्यांग, वृद्धाश्रम के बुजुर्ग, बेटियां जो कभी पन्नी बीनने का काम करती थी, लेकिन आज वह तिरंगा झंडा बनाकर रोजाना उसे सेल कर रही हैं। वह आत्मनिर्भर बनने वाली बेटियां आज तिरंगा यात्रा में शामिल थी। इसी प्रकार तिरंगा यात्रा में थर्ड जेंडर, महिलाएं, अग्रवाल समाज से लेकर ब्रह्मकुमारी संस्था तक और अन्य अनेक सामाजिक संस्थाओं की महिलाएं, स्कूली बच्चे, युवा, बुजुर्ग, पुलिस, व्यापारी बंधु, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, मीडियाजन शामिल थे।

### पथरिया में निकाली गई तिरंगा यात्रा

पथरिया नगर में बुधवार को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य रूप अनुविभागीय अधिकारी निकेत चौरसिया, नप अध्यक्ष सुंदरलाल लाल विश्वकर्मा, एसडीओपी प्रिया सिंधी, तहसीलदार वृंदेश पांडे, सीएमओ ऋतु पुरोहित, थाना प्रभारी अमित मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कृष्णकांत पांडे, न.प उपाध्यक्ष जनप्रतिनिधि कपिल दुबे, के अलावा नगर के विभिन्न स्कूलो के छात्र-छात्राओ, शिक्षकों आदि की मौजूदगी रही।

**तिरंगे पर प्रश्नोत्तरी आयोजित-** माधवराव सप्रे शा.महाविद्यालय पथरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग विषय पर तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. द्वितीय चरण में मानव श्रृंखला का निर्माण व तृतीय चरण में तिरंगा के साथ सेल्फ ी महाविद्यालय के समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा अपलोड की गई।



### बलिदानियों से सीख लेनी चाहिए



जबेरा विधानसभा के बनवार व तेजगढ़ में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सम्मिलित हुए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि हमें देश को स्वतंत्र कराने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों से सीख लेनी चाहिए व उनके आदर्शों को अपने में जीवन उतारने का कार्य करें।



### हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा

जनपद कार्यालय से तिरंगा यात्रा प्रारंभ की बस स्टैंड से होते हुए घंटाघर, अंबेडकर चौक होते हुए जनपद कार्यालय कार्यक्रम संपन्न हुआ. हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीती राजू कमल सिंह, सीईओ हलधर मिश्रा और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.



## कलेक्टर ने फाइनल परेड का किया निरीक्षण

**नवभारत,दमोह 13 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां अंतिम चरणों में चल रही है। कलेक्टर श्री कोचर और पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने अल सुबह तहसील ग्राउंड पहुंचकर फाइनल परेड का निरीक्षण किया.

इस अवसर पर सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे,जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एडीएम मीना मसराम, एसडीएम आरएल बागरी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश रावत, उद्यानिकी विभाग यश कुमार, डीईओ एसके नेमा, डीपीसी मुकेश कुमार द्विवेदी, ना.तहसीलदार प्रीतम सिंह, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई मनीष कुमार, रचना मिश्रा, सूबेदार अभिनव साहू, आकांक्षा जोशी, दिनेश गोस्वामी, प्रशीता कुर्मी, योगेश विश्वकर्मा,यातायात दलबीर सिंह मार्को, सुशील नामदेव आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार के दमोह पहुंचने पर किया स्वागत

**नवभारत,दमोह 13 अगस्त।** जिले के प्रभारी मंत्री व प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार के दमोह पहुंचने पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया.

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई मनीष कुमार, आरईएस मनोज गुप्ता, एसडीएम आरएल बागरी, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, गोपाल पटेल, शिक्षा विभाग के प्राचार्य और भी प्रोफेसर गण, सहायक कलेक्टर ऋषिकेश विजय ठाकरे, सी.ई.ओ. जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।



## साईकिल और बाईक रैली आज निकलेगी

▶ प्रभारी मंत्री परमार की अध्यक्षता में आयोजित होंगे अनेक कार्यक्रम

**नवभारत,दमोह 13 अगस्त।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिलवासियों से कहा 14 अगस्त के दिन विशेष कार्यक्रम प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार की अध्यक्षता में आयोजित होंगे.

सुबह 10 बजे सभी कीर्ति स्तंभ स्थल पर एकत्रित होंगे तथा पुलिस और जिला प्रशासन मिलकर एक बड़ा तिरंगा मार्च निकालेंगे, इसकी विशेषता यह होगी कि इसमें एक साइकिल रैली और बाइक रैली होगी. पुलिस बल के साथी बाइक से सम्मिलित होंगे और स्कूली छात्र-छात्राएं और सामाजिक संगठनों के लोग, युवा साइकिलों से सम्मिलित होंगे और इसका नेतृत्व प्रभारी मंत्री करेंगे. यह शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई समाप्त होगी.उ न्होंने कहा मेरा आवाहन है कि बड़ी से बड़ी संख्या में हम सभी यहां पर उपस्थित हों और इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं.



### कलेक्ट्रेट परिसर में लगेगा बलराम मेला

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा 14 अगस्त को ही बलराम जयंती के अवसर पर बलराम मेला कलेक्ट्रेट परिसर में लगाया जाएगा.सभी किसान संगठनों और किसान बंधुओं से आग्रह है कि मेले में अपनी सहभागिता निभायें. इस मौके पर एक रक्तदान शिविर भी कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई है.

## जंगलों की अवैध कटाई रोकी जाए: अहिरवार

▶ बसपा ने कन्या शाला में किया पौधा रोपण

**नवभारत,दमोह 13 अगस्त।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वधान मे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य मे जिला प्रभारी कोमल अहिरवार के मार्गदर्शन में विधानसभा प्रभारी जोगेंद्र चौधरी के सहयोग से शासकीय कन्या शाला चैनपुरा दमोह मे अशोक, कदम, नीम और जामुन के पौधों का रोपण किया। पौधे बजरिया वार्ड न. 6 के पूर्व बसपा प्रत्याशी दीनदयाल पटेल के सौजन्य से शासकीय कन्या शाला को भेंट किये गये।

कार्यक्रम के मार्गदर्शक कोमल अहिरवार जिला प्रभारी बसपा ने कहा कि जिस तेजी नवीन उद्योग धंधे के लिये फैक्ट्री स्थापित करने व हीरे, कोयला, सोने जैसे खजानों की लालच में जंगलो को काटा जा रहा है। अगर हमने जंगलों की कटाई को नहीं रोका तो वह दिन दूर नहीं जब आने वाली पीढ़ी ऑक्सीजन के सिलेंडर पीठ से बांध कर चलेंगे और हर एक सास लेने के पैसे देने पड़ेंगे।



### पोधों की देखभाल करना जरुरी है : चौधरी

दमोह विधानसभा के प्रभारी जोगेंद्र चौधरी ने कहा कि पौधे लगाना सरल है पर उसकी देखरेख करना कठिन है। इसलिए आज आप सबने जो पौधे लगाये है उनकी देखरेख और सुरक्षा करना आपकी ही जिम्मेदारी है।

### अंबेडकर चौक पर ध्वजारोहण कल


**नवभारत,दमोह 13 अगस्त।** सूर्यवंशी अहिरवार जाटव समाज समिति व समाज के सभी संगठनों द्वारा एक बैठक का आयोजन पुरानी नगर पालिका टाऊन हाल में किया। कल 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर अंबेडकर चौक पर गंगा राम सूर्यवंशी उपाध्यक्ष अहिरवार जाटव समाज सुबह 8:30 बजे ध्वाजारोहण करेगें व अंबेडकर भवन कचौरा मार्केट पर धर्मेन्द्र डी.के. रोहित युवा समाज सेवी सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेगें। सभी देशप्रेमी व सभी समाज के गणमान्य लोगों से आग्रह है कि ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### एक नजर में




### चौकी प्रभारियों को किया गया सम्मानित

**नवभारत,दमोह 13 अगस्त।** वीर शिरोमणि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर जी की 387वीं जयंती समारोह के अवसर पर राठौर क्षत्रिय समाज राठौर युवा प्रकोष्ठ जिला दमोह द्वारा शहर के मानस भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, सतीश तिवारी, राघवेंद्र परिहार, मनीष तिवारी, मोंटी, संतू रोहित, आशीष राय, सुरेश कुशवाहा के अलावा राठौर समाज के वरिष्ठ जन और भी दमोह शहर के गणमान्य जन विशेष रूप से मौजूद रहे. साथ ही बांदकपुर चौकी प्रभारी एएसआई राजेंद्र मिश्रा और फुटेरा कलां चौकी प्रभारी एएसआई आनंद कुमार का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया.



### नशे के खतरे से लोगों को किया आगाह

**नवभारत,दमोह 13 अगस्त।** सामाजिक न्याय व दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग दमोह के मार्गदर्शन मे उन्मुक सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था ने उन्मुक्त नशामुक्ति केंद्र मे किया एक दिवसीय नशामुक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें राजकुमार सेन ने बताया कि इस कार्यशाला करने का मकसद लोगों को नशे की लत से दूर रख सके व नशे से होने वाले खतरों के बारे में बताना है। उन्होंने अवैध दवा व्यापार के जोखिमों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि आजकल लोग शराब, ड्रग्स जैसे कई तरह के नशे कर रहे हैं, लोगों को नशे की लत कई तरह की परेशानियों का शिकार बना सकती है। बड़े ही नहीं बच्चे भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इन्हीं चीजों पर लगाम कसने के मकसद से नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें लगभग 30 लोगो की उपस्थिति रही।

## ढाबे से भारी मात्रा में अवैध देशी शराब जब्त

**नवभारत,दमोह 13 अगस्त।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय, परिवहन और उपभोग के विरुद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है.

इसके तहत 12 अगस्त को सहायक जिला आबकारी अधिकारी केशव प्रसाद गांधी के निर्देशन में थाना दमोह देहात अंतर्गत शहर में पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे, वन विभाग रेस्ट हाउस के पास और दमोह-सागर मार्ग पर स्थित लकी राय ढाबा पर कार्यवाही करते हुए आरोपियों के कब्जे से कुल 35 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 600 केजी महुआ लाहन और 15 पाव अवैध देशी मदिरा जब्त की। आरोपी संजना कुचबंदिया, अर्चना कुचबंदिया, सोनिका कुचबंदिया, मौसम्मी कुचबंदिया और कमलेश राय के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए. जब्त साम्रगी की अनुमानित कीमत लगभग 35000 रुपए आंकी गई है.



### शहडोल में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे ध्वजारोहण

**शहडोल।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल 79वें स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। श्री शुक्ल गांधी स्टेडियम शहडोल में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 14 अगस्त को भोपाल से मध्यान्ह 2 बजे स्टेट हैंगर से प्रस्थान कर मध्यान्ह 2:40 बजे जबलपुर पहुंचेंगे तथा जबलपुर से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे। अपरान्ह 5:30 बजे शहडोल आएंगे एवं रात्रि विश्राम करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 15 अगस्त को प्रात: 08:55 बजे सर्किट हाउस शहडोल से गांधी स्टेडियम शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## युवा राष्ट्र निर्माण में योगदान दें : राठौर

**नवभारत,पथरिया 13 अगस्त।** वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौड़ जी की 387वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ लोगों का सम्मान समारोह किया गया तथा सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन धर्मशाला प्रांगण में किया गया।

समाज के वरिष्ठ लोगों ने वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौड़ का जीवन परिचय समाज के युवाओं को वक्तव्य के रूप में दिया, जिससे युवा उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण के काम में पूरी तन्मयता से लगे रहे। इस अवसर पर राठौर क्षत्रिय समाज पथरिया के अध्यक्ष झुन्नीलाल राठौर का आशीर्वाद समारोह भी आयोजित किया गया।



**आयोजन** छात्रों ने प्रस्तुत किया वॉयस ऑफ इंडिया, मैं भारत हूं नुक्कड़ नाटक

## युवा देश को सशक्त बना सकते हैं : डॉ. सुधा

**नवभारत,दमोह 13 अगस्त।** बुधवार को ओजस्विनी स्कूल के कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अंबेडकर चौक पर वॉयस ऑफ इंडिया मैं भारत हूं, विषय पर एक प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों में देशभक्ति की भावना को प्रज्वलित कर दिया।

आयोजन स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. सुधा मलैया व निदेशक रति मलैया के मार्गदर्शन तथा प्राचार्य अंजलि सुंदरम के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। नाटक के माध्यम से युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका, सामाजिक उत्तरदायित्व, एकता, और प्रगतिशील सोच का संदेश प्रभावशाली संवाद, भावपूर्ण अभिनय और ऊर्जावान प्रस्तुति के जरिए दिया गया। डॉ. सुधा मलैया ने कहा कि युवा देश की रीढ़ होते हैं और उनका सही दिशा में प्रयास ही भारत को सशक्त बना सकता है। रति मलैया ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ नैतिक व नागरिक मूल्यों का विकास ही भविष्य का निर्माण करता है। प्राचार्य अंजलि सुंदरम ने छात्रों व शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

